# ALL INDIA GOVERNMENT DRIVER'S FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12)

(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt./Central Govt.)

Garage No. 3, M-Block, Vikas Bhawan, I. P. Estate, New Delhi-110002

*National President :*
**P. Kannan (Tamilnadu)**
(M) 9600748302
Public Health &
Preventive Medicine
E-mail : pkannanradha@gmail.com

*Chief Patron :*
**Narender Singh (Delhi)**
(M) 9210274309
E-mail : aigdf16@@gmail.com

*National Secretary General :*
**Satpal (Delhi)**
(M) 8700069715
Off. Tel. No. : 23378128
E-mail : spk.delhii@gmail.com
Website : www.aigdf.org


Ref. No. AIGDF/2025

Date 21-1-2025

अध्यक्ष / महासचिव

सभी राज्य राजकीय चालक संघ / समिति

..............................................

..............................................

साथियो,

बडी प्रसन्नता सूचित कर रहा हूँ कि भारत सरकार ने केन्द्रिय कर्मचारियों / पेशंन धारको के लिए आठवे वेतन आयोग का गठन कर दिया है जिसके लिए भारत सरकार बधाई की पात्र है । विभिन्न प्रदेशों और राज्य सरकारों में चालकों के वेतनमान में काफी विसंगतियॉ देखने को मिल रही है, जैसा कि फेडरेशन की बैठक दिनांक 31–08–24 को इस संबंध में काफी चर्चा हुई थी । मेरा आप सभी से अनुरोध है आप अपने–अपने राज्यों में चालकों के लिए वेतनमान का विवरण एवं पदोन्नति (आदेश की प्रति सहित) और उनमें पाई जा रही है विसंगतियों की चर्चा करते हुए फैडरेशन को सूचित करे जिससे चालकों एक समान वेतनमान पर आठवे वेतन आयोग से पत्राचार किया जा सके ।

दिनांक 31–08–2024 को बैठक में निर्णय लिया गया था कि :–

1. चलक पद को तकनीकी पद घोषित कराने के लिए मांग–पत्र सभी सरकारो को भेजा जाये अतः आपसे अनुरोध है कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि चालक क्या–क्या तकनीकी कार्य करता है जिससे वह अपने वाहन को निंविघिन चला कर गंतव्य तक पहूॅचा जा सके ।
2. आपके राज्य / केन्द्र शासित राज्य में चालकों के कुल कितने पद सृजित है, उनमें से कितने पद भरे है और कितने पद खाली है । कितने पदो पर ठेकेदारी प्रथा के अंर्तगत ठेकेदार / सरकार द्वारा चालक नियुक्त किए हुए है और उनका वेतन किस आधार पर निर्धारित किया जा रहा है । कण्डम हुए वाहनों के बदले कितने नए वाहन खरीदे गए है और कितने वाहन ठेकेदारी पर चलवाये जा रहे है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए जिससे इस मद पर राज्य सरकारों / केन्द्र सरकार को मांग–पत्र दिया जा सके ।
3. सरकारी वाहनों के बीमा से संबंधित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि किस–किस राज्य में सरकारी वाहनों का बीमा हो रहा है और किन राज्यों में नही हो रहा है । किन राज्यों में बीमा के अभाव में दुर्घटना की स्थिति में चालकों से वसूली की जा रही है ।

.....2

4. चालकों की प्रारम्भिक शैक्षणिक योग्यता 10वी पास निर्धारित की हुई है परन्तु कई राजकीय चालक उच्च शिक्षा प्राप्त करके भी चालक पद पर कार्यरत है । उच्च शिक्षा प्राप्त चालकों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सूची बना कर उपलब्ध कराए । जिससे सभी सरकारो से मांग की जा सके उच्च शिक्षा प्राप्त चालकों को पदोन्नति के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराए जाए ।

उपरोक्त के अतिरिक्त आपके राज्य में चालकों से संबंधित जो भी समस्याए है फैडरेशन को सूचित करे जिससे एक विस्तृत मांग–पत्र भारत/राज्य सरकारों को सौपा जा सके और उच्च अधिकारियों से चर्चा की जा सके ।

उक्त बैठक में निर्णय लिया गया था कि फेडरेशन के पदाधिकारी राज्य चालक समितियों/संघों के सहयोग से राज्यों सरकारो, केन्द्र शासित प्रदेशो और केन्द्र सरकार को चालकों की समस्याओ पर मांग–पत्र सौपकर उन पर चर्चा की जा सके और समस्याओ का निवारण कराया जा सके ।

आप सभी से अनुरोध है कि फेडरेशन के पत्र को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र जवाब दे और एक फैडरेशन पदाधिकारियों के लिए कार्यकम निर्धारित करने के लिए सुझाव दे ।

धन्यवाद,

भवदीय

(सतपाल)
राष्ट्रीय महासचिव

(पी.कनन)
राष्ट्रीय अध्यक्ष